झटका : सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग में 68500 पदों पर सहायक अध्यापक भर्ती के लिए 12 मार्च को होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। विभाग को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर सरकार ने यह निर्णय लिया।

हाईकोर्ट का फैसला

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 6 मार्च को 15 अक्तूबर 2017 को हुई टीईटी 2017 परीक्षा के 12 प्रश्नों के उत्तर को गलत ठहराया था। इस पर सरकार ने सिंगल बेंच के इस आदेश के खिलाफ डबल बेंच में अपील दाखिल की थी। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई शुरू हुई। अब सोमवार से मामले की रोज सुनवाई होगी। प्रदेश के 1,209,846 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव सुक्ता सिंह ने बताया कि परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित की गई है। ब्यूरो